पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 15 अगस्त 2025

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

ऑपरेशन सिंदूर के वीर वायुसेना अधिकारियों को "वीर चक्र" से सम्मानित करने का निर्णय स्वागत योग्य : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) भारत सरकार द्वारा भारतीय वायुसेना के नौ साहसी अधिकारियों को देश के तीसरे सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता सम्मान "वीर चक्र" से अलंकृत करने के निर्णय का स्वागत करती है। ये वीर योद्धा - ग्रुप कैप्टन रणजीत सिंह सिद्धू, ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा, ग्रुप कैप्टन अनीमेष पटनी, ग्रुप कैप्टन कुणाल कालरा, विंग कमांडर जॉय चंद्र, स्क्वाड्रन लीडर सार्थक कुमार, स्क्वाड्रन लीडर सिद्धांत सिंह, स्क्वाड्रन लीडर रिज़वान मलिक तथा फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्षवीर सिंह ठाकुर ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान के मुरिदके और बहावलपुर स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक और साहसिक हवाई कार्रवाई करते हुए राष्ट्र की सुरक्षा को और सुदृढ़ किया।

अभाविप का मानना है कि इन योद्धाओं का साहस, पराक्रम और अदम्य राष्ट्रभक्ति भारतीय सशस्त्र बलों के गौरवशाली इतिहास में स्वर्णाक्षरों से अंकित होने योग्य है। इन वीरों ने न केवल शत्रु की भूमि पर जाकर आतंकवाद के अड्डों को ध्वस्त किया, बल्कि अपने जीवन की परवाह किए बिना यह सुनिश्चित किया कि भारत की सीमाओं पर किसी भी खतरे की जड़ से ही समाप्ति हो। ऐसे पराक्रमिक कार्य भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत हैं और सशस्त्र बलों के मनोबल को असीम ऊँचाइयों तक पहुँचाते हैं। यह सम्मान देश को यह सशक्त संदेश देता है कि भारत आतंकवाद और उसके संरक्षकों के विरुद्ध किसी भी परिस्थिति में अडिग, दृढ़ और निर्णायक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर के इन वीर नायकों का सम्मान सम्पूर्ण भारत का सम्मान है। इनका अद्वितीय साहस, युद्ध कौशल और मातृभूमि के प्रति निष्ठा हमारे राष्ट्रीय जीवन में गौरव का दीप प्रज्वलित करती है। इनकी वीरगाथाएँ आने वाली पीढ़ियों को न केवल कर्तव्यनिष्ठा और त्याग का पाठ पढ़ाएँगी, बल्कि यह भी प्रेरणा देंगी कि राष्ट्रहित में लिया गया हर साहसिक निर्णय इतिहास की दिशा बदल सकता है। अभाविप इन अमर वीरों को नमन करती है और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के लिए हर स्तर पर सशस्त्र बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री सौरभ पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)